# किसान नई तकनीक से खेती करें, जिसमें कम पानी का उपयोग हो : कलेक्टर

**बीकानेर,** (कासं)। वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला स्तरीय कृषि कार्यशाला तथा गोष्ठी व सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र प्रर्दशनी का आयोजन सोमवार को जयपुर रोड स्थित कृषि भवन में किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा कृषि और उद्यानिकी विभाग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जल संरक्षण की दूरगामी सोच के आधार पर यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश के गांव–गांव और ढाणी–ढाणी में जल संरक्षण, बूंद बूंद पानी के सदुपयोग और पौधारोपण सहित विभिन्न कार्य हो रहे है।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे अधिक बड़ी चुनौती तथा आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ते हुए जल की बचत करनी चाहिए तथा दूसरों को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा की खेती में भी जल बचत तथा बूंद–बूंद पानी का प्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान ऐसे नवाचार करें, जिससे कम से कम पानी में अधिक फसलें ली जा सकें।




बीकानेर कलेक्टर निशांत जैन ने वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान जिला स्तरीय कृषि कार्यशाला को संबोधित किया।

- वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला स्तरीय कृषि कार्यशाला एवं संगोष्ठी आयोजित
- सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई

जिला कलेक्टर निशांत जैन ने कहा कि अभियान के तहत 15 विभागों द्वारा सघन गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उच्च स्तर पर इनकी नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले सहित देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। ऐसे में प्रगतिशील किसानों को जल संरक्षण से जुड़े उपाय बताना अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि किसान परंपरागत के साथ नवीन कृषि उद्यानिकी तकनीकों से भी खेती करें, जिससे पानी का संरक्षण हो सके। इसके लिए इस अभियान को जल संरक्षण से जोड़ते हुए अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित किया जाए।

श्याम पंचारिया ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के लोग बूंद–बूंद पानी की कीमत समझते हैं। यहां जल संरक्षण की परम्परा रही है। हमारे पूर्वजों ने अनेक कुएं, तालाब और बावड़ियां बनवाई। इनका संरक्षण भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए जल संरक्षण की अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रत्येक पात्र किसान तक इनका लाभ पहुंचाया जाए। इस दौरान कुंभनाथ सिद्ध और कैलाश बिश्नोई ने भी जल संरक्षण से जुड़े विचार रखे। सहायक निदेशक (उद्यान) मुकेश गहलोत ने बताया कि जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों पर भी यह कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

उन्होंने अभियान की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी और सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर चतुर्भुज मेघवाल, शिवकरण कूकणा, हनुमानदास स्वामी, जसविंदर सिंह, मेघसिंह राजपुरोहित और मनजीत सिंह आदि नवाचारी किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और जल संरक्षण से जुड़े कार्यों के बारे में बताया। बोर्ड अध्यक्ष सुथार और जिला कलेक्टर ने ग्यारह नवाचारी किसानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। विभाग द्वारा सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई।

## ट्रोमा सेंटर में शुरू होगा माइनर ओटी

**बीकानेर,**(कासं)। पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में माइनर ओटी शुरू होगा। महिला रेजिडेंट डॉक्टरों को अलग से कक्ष मिलेगा।

एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने ट्रोमा सेंटर का निरीक्षण करते हुए इस संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं।शनिवार को महिला रेजिडेंट डॉक्टर और एक घायल युवती के बीच हुई हाथापाई की घटना के बाद प्रिंसिपल और अधीक्षक रविवार को ट्रोमा सेंटर पहुंचे। उस घटना को लेकर रेजिडेंट डॉक्टरों ने महिला डॉक्टरों के लिए अलग कक्ष, सीसीटीवी कैमरे चालू करने, दक्ष सुरक्षा गार्ड लगाने की मांग की थी। प्रिंसिपल और अधीक्षक के निरीक्षण के बाद उनकी मांगों पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं कार्मिकों से चर्चा करते हुए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने सर्जरी और ऑर्थो एचओडी को आपस में समन्वय के साथ कार्य करने का सुझाव दिया। उन्होंने माइनर ऑपरेशन की व्यवस्था शुरू करने के निर्देश दिए हैं। अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया ने भी अस्पताल प्रशासन की ओर से आश्वासन देते हुए कहा कि ट्रोमा सेंटर की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जायेगा।

## सार-समाचार

### वेटरनरी एवं आयुर्वेद विश्वविद्यालय के बीच शिक्षा,शोध पर एम.ओ.यू.



वेटरनरी विवि. के कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास व आयुर्वेद विवि. जोधपुर के प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला ने एम.ओ.यू. साइन किया।

**बीकानेर,**(कासं)। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य शनिवार को शिक्षा, शोध एवं प्रसार कार्यक्रमों हेतु आपसी करार सम्पन्न हुआ। एम.ओ.यू. के दौरान कुलगुरू वेटरनरी विश्वविद्यालय, बीकानेर डॉ. सुमंत व्यास एवं कुलगुरु आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला उपस्थित रहे। कुलगुरू डॉ. सुमंत व्यास ने बताया कि इस एम.ओ.यू. से दोनों विश्वविद्यालय शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों पर संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इस आपसी करार से पशुचिकित्सा में आयुर्वेद विज्ञान के अर्न्त शोध विषय को बल मिलेगा जो किसानों, पशुपालकों एवं आमजन के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि इस करार से पशु स्वास्थ्य, जैव विविधता, पारम्परिक चिकित्सा एवं एकल स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार सृजित होंगे। कुलगुरू आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला ने कहा कि इस एम.ओ.यू. से आयुर्वेद एवं पशुचिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में अंतर–विषयी सहयोग से नवीन शोध संभावनाओं को बल मिलेगा तथा समाजोपयोगी अनुसंधान को नई दिशा प्राप्त होगी। एम.ओ.यू. के दौरान दोनों विश्वविद्यालय के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### 150 से अधिक विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की

**बीकानेर,** (कासं)। एसकेआरएयू के कृषि महाविद्यालय में सोमवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर हाइपरटेंशन के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। शिविर में 150 से अधिक विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विद्यार्थियों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन ए 1सी , टी.एस.एच. एवं विटामिन–डी आदि की जांच की गई। वरिष्ठ प्रोफेसर एवं फेलो, इंडियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन के डॉ. बालकिशन गुप्ता ने कहा कि हाइपरटेंशन मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए साइलेंट किलर माना जाता है, स्वस्थ जीवन शैली अपना कर ब्लड प्रेशर नियंत्रित रखा जा सकता है। इसके लिए नियमित जांच आवश्यक है।

# नागणेची मंदिर की लिफ्ट दो माह से खराब, दिव्यांग श्रद्धालु परेशान

- मंदिर की लिफ्ट पिछले दो महानों से खराब पड़ी है। जिससे नियमित आने वाले दिव्यांग, बुजुर्ग, घुटनों के दर्द से पीड़ित ओर हार्ट पेशेंट श्रद्धालुओं के लिए माता के दर्शन करने मुश्किल हो गए हैं
- वे सीढ़ियों से निज मंदिर तक जाते हैं तो उनका सांस भर जाता है, दर्शन नहीं हो पाते

**बीकानेर,** (कासं)। श्री नागणेची मंदिर श्रद्धालुओं के लिए लगी लिफ्ट दो महीने से खराब पड़ी होने से श्रद्धालु परेशान है।

उधर दिव्यांग व्यक्तियों, हार्ट पेजेंट ओर बुजुर्ग लोगों को माता के दर्शन तक जाने के लिए सरकारी बजट से बनी लिफ्ट की सुविधा दी गई है। जिसकी देखरेख ओर मेंटिनेंस देवस्थान विभाग के अधिकार क्षेत्र में है। लेकिन लगातार मेंटिनेंस नहीं होने के कारण श्री नागणेची माता मंदिर की लिफ्ट पिछले दो महानों से खराब पड़ी है। जिससे नियमित आने वाले दिव्यांग, बुजुर्ग, घुटनों के दर्द से पीड़ित ओर हार्ट पेशेंट श्रद्धालुओं के लिए माता के दर्शन करने मुश्किल हो गए हैं। वे सीढ़ियों से निज मंदिर तक जाते है तो उनका सांस भर जाता है। अत: उन्हें बाहर से ही ध्वजा के दर्शन करके लौटना पड़ता है।

देवस्थान विभाग द्वारा वित्त पोषित बीकानेर का प्रसिद्ध ओर ऐतिहासिक श्री नागणेची माता का मंदिर जो बीकानेर शहर ओर ग्रामीण क्षेत्र की जनता की आस्था से जुड़ा हुआ प्रमुख आस्था का केन्द्र है। यह कुछ वंशजों की कुल देवी भी है। इस कारण से यहां प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु सुबह शाम माता के दर्शन करने के लिए आते है, यह मंदिर ऊंचाई पर स्थित होने के कारण दर्शनार्थियों को सीढियों अथवा मंदिर में लगी लिफ्ट के सहारे माता के दर्शन करने को जाना पड़ता है।

लम्बे समय से खराब लिफ्ट को ठीक करवाने के लिए एडवोकेट हनुमान प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ नागरिक एस. एस. शर्मा ओर रमेश भाटी के साथ आज संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा से मिले ओर अवगत कराया कि श्री नागणेची मंदिर में लगी लिफ्ट काफी लम्बे समय से खराब है ओर इसके लिए जिला प्रशासन के मार्फत देवस्थान विभाग को बार– बार अवगत कराया गया लेकिन लिफ्ट शुरू नहीं हुई। तकनीकी जानकारों के अनुसार लिफ्ट संचालन में भारी खामी बताई गई है ओर तकनीकी रूप से इसका सेंसर खराब होना बताया गया है। मंदिर की लिफ्ट खराब होने से नियमित आने वाले श्रद्धालु माता के दर्शन नहीं होने से दुखी ओर परेशान हैं।

संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने देवस्थान विभाग बीकानेर को मंदिर की खराब लिफ्ट को दुरुस्त करने के लिए त्वरित रूप से लिखित निर्देश दिए ओर भविष्य में देवस्थान विभाग बीकानेर द्वारा ऐसी उदासीनता नहीं दिखाने की हिदायत दी।

## आंधी-बारिश से ठंडक

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से मौसम पूरी तरह बदल गया है। आंधी और हल्की बारिश का सिलसिला पिछले तीन दिनों से लगातार जारी है, जिससे अधिकतम तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया है।

भीषण गर्मी और लू से बेहाल आमजन को ठंडक मिली है। साथ ही खेतों में खड़ी फसलों को भी फायदा होगा। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री और अधिकतम 37.3 डिग्री रहा। जबकि शनिवार को न्यूनतम 26.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

सोमवार सुबह से तेज हवाओं का दौर चल रहा है और पूरे क्षेत्र में ठंडक बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों ने आगामी चार–पांच दिनों तक आंधी–बारिश का मौसम बने रहने का अनुमान जताया है, जिससे अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे ही रहने की संभावना है। इस अनुकूल मौसम से न सिर्फ लोगों को गर्मी से राहत मिली है बल्कि खेतों में सिंचाई भी नहीं करनी पड़ेगी। बारिश फसलों के लिए वरदान हैं।

# 30 फीट चौड़ी हुई गंगाशहर की घाटी सड़क

- सड़क मलबे और कचरे के ढेरों से सिमटकर महज 10 फीट की संकरी गली रह गई थी
- तीन दिन से 10 जेसीबी मशीनें और दर्जनों डंपर दिन-रात यहां जमी अवैध मलबे की परतों को हटाने में जुटे हैं

**बीकानेर,** (कासं)। नगर निगम की बड़ी कार्रवाई का असर अब धरातल पर साफ नजर आने लगा है। जो सड़क मलबे और कचरे के ढेरों के कारण सिमटकर महज 10 फीट की संकरी गली रह गई थी, वह अब कचरा मुक्त होकर 30 फीट चौड़ी भव्य सड़क के रूप में खुलकर सामने आ गई है।

नगर निगम द्वारा गंगाशहर घाटी के पास जैन स्कूल के पीछे जाने वाली सड़क पर चलाया जा रहा महा–सफाई अभियान तीसरे दिन भी पूरी मुस्तैदी से जारी रहा। निगम प्रशासन ने इस मार्ग की सूरत बदलने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पिछले तीन दिन से 10 जेसीबी मशीनें और दर्जनों डंपर दिन–रात यहां जमी अवैध मलबे की परतों को हटाने में जुटे हैं। अक्सर देखा जाता है कि निगम जिस जगह से कचरा हटाता है, लोग कुछ ही घंटों बाद वहां दोबारा गंदगी फैला देते हैं।

इस बार निगम प्रशासन ने इस ढर्रे को बदलने के लिए एक ठोस रणनीति तैयार की है। सड़क के दोनों छोरों पर दो–दो होमगार्ड के जवान तैनात किए गए हैं, जो सुबह से देर रात तक मौके पर मुस्तैद रहते हैं। जैसे ही कोई वाहन चालक इस मार्ग पर कचरा या भवन निर्माण का मलबा डालने पहुंचता है, ये होमगार्ड्स उन्हें तुरंत रोक देते हैं। जो लोग चेतावनी के बाद भी नहीं मान रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों द्वारा उनके और उनके वाहनों के बकायदा वीडियो बनाए जा रहे हैं। निगम की वीडियोग्राफी के खौफ से अब अवैध रूप से मलबा फेंकने वाले वाहनों ने इस रास्ते से दूरी बना ली है, जिससे नया कचरा आना बंद हो गया है। स्वच्छता निरीक्षक सुनील जावा और उनकी पूरी टीम लगातार मौके पर डेरा डाले हुए है।

# घर में घुसकर मारपीट, 25 लाख की रंगदारी मांगी

**जसरासर,** (कासं)। जसरासर थाना क्षेत्र के कुचौर अगुणी गांव में घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और 25 लाख रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया।

कुचौर अगुणी निवासी 32 वर्षीय मुल्तानाराम जाट ने जसरासर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि दर्ज रिपोर्ट के अनुसार यह घटना रात करीब 8 बजे हुई। मुल्तानाराम अपने दो बेटों के साथ खेत जाने के लिए घर से निकले थे। आरोप है कि घर के बाहर रतीराम और हरिराम जाट सहित कुछ अन्य लोगों ने उन पर लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में उनकी मोटरसाइकिल गिर गई और मुल्तानाराम और उनके बच्चों के साथ मारपीट की गई। हमलावर एक कैम्पर गाड़ी से घर का गेट तोड़कर अंदर घुस गए। उन्होंने लाठी–सरियों से हमला किया। बीच-बचाव करने आए मुल्तानाराम के भाई मुन्नीराम के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जाते समय उन्होंने मुल्तानाराम से 25 लाख रूपए की मांग की और जान से मारने की धमकी भी दी।

## मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस का एक्सीडेंट

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़–अनूपगढ़ सड़क मार्ग पर मानकसर के पास एम्बुलेंस और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में 3 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया।

स्थानीय लोगों की तत्परता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया और एम्बुलेंस में सवार मरीज को सुरक्षित बचा लिया गया। सिटी थाना के हैड कांस्टेबल महावीर सिंह ने बताया कि पदमपुर से जयपुर जा रही एक एम्बुलेंस सूरतगढ़–अनूपगढ़ मार्ग से गुजर रही थी। मानकसर के पास उसके आगे अचानक एक कार आ गई। एम्बुलेंस कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बेकाबू होकर 3–4 पलटी खाते हुए सड़क से करीब 15 फीट नीचे खेत में जा गिरी।

# गजसिंहपुर में गेहूं खरीद पर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना

**गजसिंहपुर,** (कासं)। मंडी में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद में अनियमितताओं और किसानों की उपेक्षा के विरोध में किसानों ने तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसानों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर खरीद व्यवस्था में सुधार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

किसानों का आरोप है कि जिन किसानों की केवाईसी पहले ही पूरी हो चुकी है। उनकी गेहूं की तुलाई नहीं की जा रही है। प्रभावशाली व्यापारियों और कुछ चुनिंदा किसानों को प्राथमिकता देकर खरीद की जा रही है। किसानों ने बारदाना (बोरी) वितरण में भी बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पिछले साल के अनुपात के अनुसार बारदाना नहीं बांटा गया बल्कि प्रभावशाली लोगों को अधिक बारदाना उपलब्ध कराया गया।

धरने पर बैठे किसानों ने यह भी बताया कि कई किसानों की गेहूं तुलाई होने के बावजूद उनका भुगतान अभी तक लंबित है। उन्होंने मंडी के खरीद अधिकारियों और गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े अधिकारियों पर शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि बार–बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। टेल किसान समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर निजी गेहूं को सरकारी कट्टों में भरकर खरीद केंद्रों तक पहुंचाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। उन्होंने इन मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी गेहूं की तुलाई, लंबित केवाईसी और बारदाने की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। रेल रोको और राष्ट्रीय राजमार्ग जाम जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं। धरना स्थल पर किसानों से अपनी गेहूं से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉलियां लेकर पहुंचने की अपील की गई है। किसानों ने कहा कि जब तक क्षेत्र के प्रत्येक किसान की गेहूं का दाना नहीं तौला जायेगा, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

# सहकारिता मंत्री गौतम दक के तानाशाही रवैये के खिलाफ सेवानिवृत पुलिसकर्मियों का प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान बीकानेर संसभाग के बैनर तले आज सैकडों पूर्व पुलिस अधिकारियों और कर्मियों द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष एकत्रित होकर राज्य के सहकारिता मंत्री गौतम दक के खिलाफ एक विशाल उग्र विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर है वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंत्री के इस कृत्य को पुलिस बल के आत्मसम्मान पर गहरा आधात बताया।

कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान पूर्व पुलिस अधिकारियों का आक्रोश फूट पडा। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री के तानाशाही और अमर्यादित रवैया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूरा परिसर गौतम दक मुर्दाबाद, तानाशाही नहीं चलेगी और पुलिस संगठन जिंदाबाद, पुलिस का अपमान नहीं सहेगा, राजस्थान के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। उग्र प्रदर्शन और नारेबाजी के पश्चात प्रतिनिधिमंण्डल ने जिला कलेक्टर बीकानेर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री महोदय को एक ज्ञापन सौपा।




सहकारिता मंत्री गौतम दक के खिलाफ सेवानिवृत पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया।

ज्ञापन देने वाले मुख्य नेतृत्वकर्ता पूर्व पुलिस अधिकारी हरिराम गहलोत सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सवैधानिक मर्यादाओं को तार तार करने वाले सहकारिता मंत्री गौतम दक को बिना किसी विलम्ब के तुरन्त प्रभाव से मंत्री पद से बर्खास्त किया जाए तथा चितौड जिले के डूंगला थाने में दर्ज मुकदमा नम्बर 76/2026 की निष्पक्ष जांच कर त्वरित कार्यवाही की मांग की गई। संस्थान ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यह प्रदर्शन तो केवल मात्र एक शुरूआत है। यदि आगामी 15 दिनों के भीतर सरकार द्वरा सहकारिता मंत्री के विरूद्व ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो प्रदेश के समस्त जिलों में सेवानिवृत व अन्य कर्मचारी संघों व आम जनता के साथ मिलकर बडा और व्यापक चक्का जाम व राज्यवापी आन्दोलन करने को मजबूर होना पडेगा।

आज के इस विशाल प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से हरिराम गहलोत, श्रीकृष्ण मीणा, जगमालराम बिस्सु, सलावत खां, सुखदेव व्यास, अरूण आहूजा, गणेश नाथ, भंवर लाल, ओमप्रकाश चौधरी, महेन्द्र तिवारी, धन्नेसिंह राठौड आदि शामिल थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई–निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 18.06.2026 को 15.00 बजे तक 3. ई–निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 18.06.2026 को 15.00 बजे के बाद निविदा सं: 05–इलेक्ट/बीकेएन/ई–निविदा–26-27 कार्य का विवरण : Electrical work in c/w Raising of Medium Level PF No. 1 at Gajner & Nal and PF No. 1 & 2 at Diyatra Road and PF No. 1 at Sahuwala Halt from Rail Level to High Level stations over Bikaner Division along with extension to 480 Mtrs. अनुमानित लागत: ₹ 60,99,273/- धरोहर रूपये : ₹ 1,22,000/- निविदा दस्तावेज लागत : Nil

802-CQ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा सूचना

संख्या 37 to 38-26-27

No. 580-W/12 nos/Type-II/Qtrs/HSR/2026 Dated : 29.05.2026

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 19.06. 2026 को 15.00 बजे तक खुली ई – निविदा आमंत्रित करते है :– निविदा संख्या : 37 कार्य का नाम व स्थान : सहायक मण्डल इंजीनियर / सिरसा के नियंत्रण में बीकानेर डिवीजन के अंतर्गत खबरा कलां हॉल्ट, नांगल देग्रोटा हॉल्ट, न्योली कलां हॉल्ट और बाजेकन हॉल्ट स्टेशनों पर रेल लेवल प्लेटफॉर्म संख्या 1 की ऊंचाई बढ़ाना और इसे 480 मीटर तक विस्तारित का कार्य। अनुमानित लागत मूल्य : Rs. 135929981.10 धरोहर राशि : Rs. 2718600.00 निविदा संख्या : 38 कार्य का नाम व स्थान : सहायक मण्डल इंजीनियर/ सिरसा के अधीन हिसार जंक्शन पर मौजूदा क्वार्टर के स्थान पर 12 टाइप – II क्वार्टरों का प्रतिस्थापन का कार्य। अनुमानित लागत मूल्य : Rs. 57190408.31 धरोहर राशि : Rs. 1143800.00 नोट:– अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

803-CQ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026–27/7352 दिनांक 25.05.2026

ई– निविदा–सूचना सं0 30/2026–27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB05842

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/3878

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026–27/7364 दिनांक 25.05.2026

ई– निविदा–सूचना सं0 18/2026–27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB05816

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/3875

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026–27/7355 दिनांक 23.05.2026

ई– निविदा–सूचना सं0 20/2026–27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB05830

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/3873

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026–27/7373 दिनांक 25.05.2026

ई– निविदा–सूचना सं0 23/2026–27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB05836

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/3870

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026–27/7367 दिनांक 25.05.2026

ई– निविदा–सूचना सं0 21/2026–27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB05832

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/3868

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 0151–2226906, फोन :– 0151–2226902, 0151–2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2026–27/7340 दिनांक 25.05.2026

ई– निविदा–सूचना सं0 28/2026–27

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2627WSOB05840

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/26/3866